CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995



# लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : **तीन** घंटे* | *अधिकतम अंक : **250*** |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : **250*** |

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) लोक प्रबन्ध लोक प्रशासन से 'क्या' और 'क्यों' तथा व्यवसाय प्रबन्ध से 'कैसे' लेता है । विस्तार से समझाइए ।

Public Management takes 'what' and 'why' from Public Administration and 'how' from Business Management. Elaborate. *10*

(b) प्रत्येक मानवीय संगठन व्यवस्था-I से प्रारम्भ होकर अन्ततः व्यवस्था-IV पर समाप्त होता है । लिकर्ट के कथन पर टिप्पणी कीजिए ।

Every human organisation shall start from System-I and ultimately end up with System-IV. Comment on Likert's statement. *10*

(c) सभी न्यायाधिकरण न्यायालय होते हैं, किन्तु सभी न्यायालय न्यायाधिकरण नहीं होते । व्याख्या कीजिए ।

All tribunals are courts, but all courts are not tribunals. Explain. *10*

(d) शास्त्रीय संगठन सिद्धान्त आधुनिक संगठन सिद्धान्तों के लिए आधार सृजित करता है । विश्लेषण कीजिए ।

Classical Organisation Theory formed the bedrock for the modern organisation theories. Analyse. *10*

(e) विशेषकर विकासशील देशों में, राज्य तथा नागरिक समाज के बीच अन्तःक्रिया अब तक विस्तृत रूप से उपेक्षित रही है । परीक्षण कीजिए ।

Interaction between the State and Civil society has hitherto been largely neglected, especially in developing countries. Examine. *10*

**Q2.** (a) 'प्रशासनिक राज्य एक ऐसी शक्ति का निर्माण है जो हमें नियमों के साथ बाँधती है ... जो कि विधायिका द्वारा नहीं बनाए गए हैं ।' प्रशासनिक राज्य की संवैधानिकता तथा इसके भविष्य का विवेचन कीजिए ।

'The administrative state is the creation of a power to bind us, with rules ... that are not made by legislature.' Discuss the constitutionality of the administrative state and its future. *20*

(b) रूपान्तरणकारी नेतृत्व के लिए उच्च कोटि के समन्वय, सम्प्रेषण तथा सहयोग की आवश्यकता होती है । व्याख्या कीजिए ।

Transformational leadership requires high degree of coordination, communication and cooperation. Explain. *15*

(c) मानव सम्बन्धवादी यह प्रतिपादित करते हैं कि 'कामगार के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है और जो उनके उत्पादकता स्तर को प्रभावित करता है, हो सकता है संगठनिक चार्ट नहीं है बल्कि अन्य कामगारों के साथ उनके सम्बन्ध हैं' । क्या यह आज ज्यादा प्रासंगिक है ?

Human relationists postulate that 'what is important to a worker and what influences his/her productivity level may not be the organisational chart but his or her associations with other workers'. Is it more relevant today ? *15*

**Q3.** (a) बर्नार्ड उदासीनता के क्षेत्र को एक मानवीय दशा मानता है जो आधुनिक संगठनों में प्राधिकार सम्बन्धों तथा सहयोग को चेतन करता है । परीक्षण कीजिए ।

Barnard posits the zone of indifference as the human condition that animates authority relationships and cooperation in modern organisations. Examine. *20*

(b) नव लोक सेवा, लोक सेवा के बारे में क्या विशिष्ट, महत्त्वपूर्ण और अर्थपूर्ण है, का यशोगान करता है । विवेचन कीजिए ।

New public service celebrates what is distinctive, important and meaningful about public service. Discuss. *15*

(c) व्यूहरचनात्मक सम्प्रेषण को एक चुस्त प्रबन्ध प्रक्रिया होना चाहिए । सरकारी कार्यवाहियों के लिए व्यूहरचनात्मक सम्प्रेषण की संकल्पना का विवेचन कीजिए ।

Strategic communication ought to be an agile management process. Discuss the conceptualization of strategic communication for the government actions. *15*

**Q4.** (a) 'नेतृत्व को परिवर्तन के साथ व्यवहार करते देखा जाता है, जबकि प्रशासन को जटिलता के साथ मुकाबला करते ।' इस सन्दर्भ में, संगठनों की सफलता के लिए नेतृत्व तथा प्रशासन की प्रासंगिकता का विवेचन कीजिए ।

'Leadership is seen as dealing with change, whereas administration is viewed as coping with complexity.' In this context, discuss the contextuality of leadership and administration for the success of organisations. *20*

(b) नियामकीय शासन संरचनाएँ विश्व समाज की आवश्यक निर्माण खण्ड बन चुकी हैं । आशाओं और माँगों की संपूर्ति में इनकी क्षमता और प्रभाव का विवेचन कीजिए ।

Regulatory governance frameworks have become essential building blocks of world society. Discuss their potential and impact in fulfilling the hopes and demands. *15*

(c) सामाजिक अंकेक्षण केवल धन की बचत नहीं है, यह शासन पर सकारात्मक प्रभाव सृजित करता है । टिप्पणी कीजिए ।

Social auditing is not just saving the money, it creates positive impact on governance. Comment. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**
**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) विकास प्रशासन 'विकासशील देशों द्वारा ग्रहण किए गए नवीन कार्यों को अपनाता है'। व्याख्या कीजिए।

Development Administration 'embraces the array of new functions assumed by the developing countries'. Explain. *10*

(b) नीति मूल्यांकन सुदृढ़ लोक शासन में आधारभूत योगदान देता है। विवेचना कीजिए।

Policy evaluation contributes fundamentally to sound public governance. Discuss. *10*

(c) वेबर की नौकरशाही निर्मिति ने तुलनात्मक लोक प्रशासन के क्षेत्र में शोध को आगे बढ़ाने में एक महान स्वानुभविक उद्देश्य के रूप में सेवा दी है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? तर्क दीजिए।

Weber's construct of bureaucracy has served a great heuristic purpose in furthering research in the field of Comparative Public Administration. Do you agree with the statement ? Give reasons. *10*

(d) मानक वे आधार हैं जो विनियमों का स्थान तो नहीं लेते किन्तु उनके पूरक हैं। टिप्पणी कीजिए।

Standards are the foundation which do not replace regulations but complement them. Comment. *10*

(e) 'परिणामोन्मुखी बजटन निष्पादन बजटन की कमजोरियों का समाधान करता है।' विस्तार कीजिए।

'Outcome budgeting addresses the weaknesses of performance budgeting.' Elaborate. *10*

**Q6.** (a) 'विवर्तन की प्रक्रिया जितनी अधिक बहिर्जात होती है, इसकी प्रिज़्मीय अवस्था उतनी ही औपचारिक और विजातीय होती है; जितनी अधिक अन्तर्जात होती है, इसकी प्रिज़्मीय अवस्था उतनी ही कम औपचारिक और कम विजातीय होती है ।' रिग्ज़ की इस परिकल्पना का परीक्षण कीजिए ।

'The more exogenetic the process of diffraction, the more formalistic and heterogenous its prismatic phase; the more endogenetic, the less formalistic and heterogenous.' Examine this hypothesis of Riggs. *20*

(b) जिस पर्यावरण और परिस्थिति दशाओं में सरकार कार्य करती है वह इसके मानव संसाधन विकास व्यवहारों पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालती है । परीक्षण कीजिए ।

The environment and situational conditions under which the government operates have an important bearing on its human resource development practices. Examine. *15*

(c) 'लिण्डब्लोम तार्किक निर्णयन को एक अप्राप्य लक्ष्य मानता है ।' इस कथन के आलोक में, नीति असफलताओं से बचने के लिए उपाय सुझाइए ।

'Lindblom regarded rational decision-making as an unattainable goal.' In the light of the statement, suggest measures to avoid policy failures. *15*

**Q7.** (a) वाशिंग्टन आम सहमति के परिणाम संक्रमणकालीन अर्थव्यवस्थाओं के लिए इष्टतम से दूर थे । इस पृष्ठभूमि में, उत्तर-वाशिंग्टन आम सहमति की ओर दिशा में परिवर्तन का विवेचन कीजिए ।

The results of Washington Consensus were far from optimal for transitional economies. In this background, discuss the change of direction towards post-Washington Consensus. *20*

(b) एक सुदृढ़ बजटीय व्यवस्था वह है जो नागरिकों में विश्वास पैदा करती है, कि सरकार उनके सरोकारों को सुनती है । बजटीय शासन के सन्दर्भ में इसका विस्तार कीजिए ।

A sound budgeting system is one which engenders trust among citizens that the government is listening to their concerns. Elaborate this in the context of budgetary governance. *15*

(c) निष्पादन समस्याएँ विरले ही केवल प्रशिक्षण की कमी के कारण होती हैं और शायद ही कभी केवल प्रशिक्षण से निष्पादन में सुधार किया जा सकता है । कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

Performance problems are rarely caused simply by lack of training and rarely can performance be improved by training alone. Critically analyse the statement. *15*

**Q8.** (a) अंकेक्षण कार्य को सदैव सरकारी वित्तीय प्रबन्ध के अभिन्न अंग के रूप में देखा जाता है । सरकारी क्षेत्र के निष्पादन उन्नयन में आंतरिक अंकेक्षण के महत्त्व का विवेचन कीजिए ।

The audit function has always been viewed as an integral part of government financial management. Discuss the significance of internal audit in improving the performance of the government sector. *20*

(b) अधिकांश सिविल सेवा शासन-पद्धतियों में अभी भी 'सार्वजनिक क्षेत्र नैतिकता' को भ्रष्टाचार-निरोधी प्रयासों के समान माना जाता है । इस पृष्ठभूमि में आचार-संहिता की अपर्याप्तता का विवेचन कीजिए ।

Most civil service regimes still equate 'Public Sector Ethics' with anti-corruption efforts. Discuss the insufficiency of Ethics-code in this background. *15*

(c) लोक नीतियों की असफलता को प्रायः क्रियान्वयन की समस्या पर आरोपित करते हैं, जबकि क्रियान्वयक नीति प्रारूप पर प्रश्न करते हैं । इस प्रतिवाद का विवेचन कीजिए ।

Failure of public policies has often been attributed to problems of implementation, while implementors question the policy design. Discuss the contestation. *15*